आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 01.01.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्र सरकार ने डिजिटल ज्ञान संसाधनों तक निर्बाध पहुंच के लिए "वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन" योजना शुरू की।
- प्रदेश के सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखण्ड पर्यटन विकास बोर्ड और भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- नए साल के उपलक्ष्य में राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की भीड़ उमड़ी।
- प्रदेश में चारधाम के शीतकालीन प्रवास स्थलों में बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के पहुंचने का सिलसिला जारी।

**वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन**

केंद्र सरकार ने आज से वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन– ओएनओएस योजना की शुरुआत की। इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को सिंगल सब्सक्रिप्शन प्लेटफार्म के तहत शोधपत्रों, जरनलों और शैक्षिक सामग्री सहित व्यापक डिजिटल ज्ञान संसाधनों तक निर्बाध पहुंच उपलब्ध कराना है। इस योजना से अलग–अलग जगह सब्सक्रिप्शन लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी और ज्ञान सबको सुलभ होगा। विश्वविद्यालयों और आईआईटी सहित सरकारी सहायता प्राप्त उच्च शिक्षा संस्थानों के एक करोड 80 लाख विद्यार्थियों को इस पहल के अंग के रूप में दुनिया भर के शीर्ष जरनल में प्रकाशित शोध पत्रों को देखने की सुविधा मिलेगी। प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने बताया कि योजना तीन चरणों में लागू होगी।

केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने पिछले वर्ष 25 नवम्बर को वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन योजना को स्वीकृति दी थी। मंत्रिमंडल के फैसले के दौरान केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने योजना के बारे में विस्तार से बताया था। उन्होंने बताया कि ओएनओएस योजना के तहत तीन वर्ष की अवधि के लिए छह हजार करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है। यह चुनिंदा उत्कृष्ट ओपन एक्सेस जर्नलों में प्रकाशन के वास्ते लाभार्थी लेखकों के लिए सालाना एक सौ पचास करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता भी उपलब्ध कराएगी।

**एमओयू**

प्रदेश के सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तराखण्ड पर्यटन विकास बोर्ड और भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल के उत्तरी सीमांत मुख्यालय के बीच आज सचिवालय में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि केंद्र सरकार के वाईब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत सीमावर्ती क्षेत्र के गाँवो के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी गई है। साथ ही ग्रामीणों की आजीविका के लिए संसाधन उपलब्ध कराना भी मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा राज्य के सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन को बढावा देने के लिए वहां हैली सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने बताया कि सीमांत क्षेत्रों में प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थलों पर दुर्गम रास्तों के कारण पर्यटकों को पहुँचने में असुविधा होती है। इसे देखते हुए प्रदेश सरकार ने पर्यटकों को हैली सुविधा उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है। इसमें भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल के कार्यक्षेत्र में उपलब्ध हेलीपैडों का उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा वाईब्रेंट विलेज में रहने वाले ग्रामीणों को आपातकालीन चिकित्सा की जरूरत पड़ने पर दवाईयाँ उपलब्ध करवाने और हैली द्वारा हायर सेंटर ले जाने के लिए भी इन हेलीपैड का उपयोग किया जाएगा। श्रीमती रतूड़ी ने बताया कि प्रदेश में तीन सीमांत जिलों– उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की अग्रिम चौकियों में तैनाती है।

## भारतीय नौसेना

भारतीय नौसेना इस महीने की 15 तारीख को मुंबई में नौसेना डॉकयार्ड पर देश में निर्मित युद्धपोत नीलगिरी, सूरत और वाघशीर को कमीशन करने जा रही है। ये तीन युद्धपोत भारतीय नौसेना की युद्धक तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ये युद्धपोत रक्षा आत्मनिर्भरता और स्वदेशी पोत निर्माण के क्षेत्र में देश की अतुलनीय प्रगति को दर्शायेंगे। युद्धपोत नीलगिरी खुफिया सुविधाओं और विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी से सुसज्जित है। सूरत युद्धपोत डिजाइन और क्षमताओं में मजबूत वृद्धि को दर्शाता है। वाघशीर विश्व की अत्यधिक शांत और बहुमुखी डीजल–इलैक्ट्रिक पनडुब्बियों में से एक है। भारतीय नौसेना के अनुसार इन तीनों नौसैनिक युद्धक मंचों का निर्माण और डिजाइन मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में किया गया है। यह देश की बढती आत्मनिर्भरता का एक प्रमाण है।

## जिला अस्पताल पौड़ी

जिला अस्पताल पौड़ी का संचालन आज से स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल के बेहतर संचालन को प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक व दस विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती कर दी गई है। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रमेश कुंवर ने बताया कि जिला अस्पताल में नौ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं देना शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने जनवरी 2021 में जिला अस्पताल पौड़ी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाबौ, घंडियाल व बीरोंखाल को पीपीपी मोड पर संचालन के लिए देहरादून के एक निजी अस्पताल को दिया था। 31 दिसंबर 2024 को प्रशासन द्वारा अस्पताल के संपूर्ण संचालन का जिम्मा स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया।

## नव वर्ष उत्सव

नए साल पर प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार हैं। वहीं, आज सुबह से ही राजधानी देहरादून सहित राज्य के विभिन्न मंदिरों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इस बीच, बड़ी संख्या में पर्यटक औली और केदारकांठा समेत अन्य स्थानों पर कैंपिंग, ट्रैकिंग और हाइकिंग का लुत्फ उठा रहे हैं। नए साल पर पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए पुलिस ने भी सुरक्षा के खास इंतजाम किए हैं। देहरादून और मसूरी में बड़ी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने पर पुलिस 24 घंटे गश्त कर रही है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने पर्यटकों से यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया है।

वहीं, प्रदेश के केदारकांठा, हर्षिल और दयारा क्षेत्रों में एसडीआरएफ, पुलिस और आपदा प्रबंधन की त्वरित प्रतिक्रिया दल की टीमें भेजी गई हैं। सैटेलाइट फोन, वॉकी–टॉकी, स्नो चेन, सर्च लाइट और अन्य जरूरी उपकरणों से लैस इन टीमों को बर्फ से ढके इलाकों में पर्यटकों की आवाजाही और अन्य व्यवस्थाओं पर नजर रखने को कहा गया है। सड़कों को सुचारू रखने के लिए संवेदनशील स्थानों पर आवश्यक मशीनरी और श्रमिक भी तैनात किए गए हैं।

## नव वर्ष

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को नव वर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सचिवालय एक सर्वोच्च प्रशासनिक संस्था है, जिसके सहयोग से प्रदेश ने एसडीजी इंडेक्स में पहला स्थान प्राप्त किया है, जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे नये वर्ष में और अधिक लगन व जोश से कार्य करें, ताकि राज्य का प्रथम स्थान बरकरार रहे। मुख्य सचिव ने सभी कार्मिकों से ऐसी कार्यशैली से कार्य करने को कहा, जिससे आम आदमी को समय पर राहत मिले और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ मिल सके।

## नशा मुक्ति

नशा मुक्ति के संकल्प के साथ हरिद्वार पुलिस ने नववर्ष की शुरूआत की है। ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन को सार्थक बनाने के लिए हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल की पहल पर जनमानस के साथ मिलकर नशा मुक्त समाज की शपथ लेने के लिए वृहद स्तर पर जिले के प्रत्येक थाना कार्यालय में शपथ समारोह आयोजित किया गया।

## शीतकालीन यात्रा

प्रदेश में शीतकालीन यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है। अब तक बड़ी संख्या में तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। भगवान केदारनाथ के शीतकालीन गद्दी स्थल, ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्री केदारनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी शिव शंकर लिंग ने बताया कि अब तक ओंकारेश्वर मंदिर में 8 हजार 784 तीर्थ यात्रियों ने भगवान शिव के दर्शन किए हैं। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है।

उधर, भगवान बद्रीविशाल के शीतकालीन गद्दी स्थल पांडुकेश्वर में 5 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने भगवान बदरी विशाल के दर्शन किये। गंगोत्री धाम के प्रवासस्थल मुखबा और यमुनोत्री धाम के प्रवासस्थल खरसाली में भी हजारों श्रद्धालु दर्शन को पहुंचे। बदरी– केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि कड़ाके की ठंड और बर्फबारी के बावजूद श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर खासा उत्साह है। केदारनाथ के दर्शन के लिए हर दिन सैकड़ों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

## अवसंरचना उत्पादन

भारत का अवसंरचना उत्पादन नवम्बर में चार महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया। अवसंरचना उत्पादन का देश के औद्योगिक उत्पादन में योगदान लगभग चालीस प्रतिशत है। नवम्बर के दौरान आठ प्रमुख क्षेत्रों में से छह में वृद्धि के कारण यह उपलब्धि हासिल हुई। सीमेंट, कोयले, इस्पात, विद्युत, रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरक के उत्पादन में सकारात्मक वृद्धि देखी गई।